हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम 28 .2 डिग्री
न्यूनतम 18 .0 डिग्री

12 लोकतंत्र की रक्षा के लिए रामलीला मैदान में गूंजेगी



12 जोनल यूथ फेस्टिवल में छाए डीएवी कॉलेज के



खबर संक्षेप

ज्वैलर्स की दुकान से पैसों से भरा बैग चोरी

यमुनानगर। जगाधरी के रेलवे बाजार में ज्वैलर्स की दुकान से एक व्यक्ति ने दुकानदार को चकमा देकर पैसों से भरा बैग चोरी कर लिया। बैग में एक लाख रुपये और दुकान के लेन देने के हिसाब लिखी बही खाते का दस्तावेज भी था। जानकारी के मुताबिक जगाधरी के रेलवे बाजार निवासी दीपक वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने बाजार में ज्वैलर्स की दुकान बना रखी है। कुछ दिन पहले उसने आंखों का उपचार करवाया था। आरोप है कि इस दौरान आरोपी उसे चकमा देकर वहां रखे पैसों से भरे बैग को लेकर चंपत हो गया। बैग में एक लाख रुपये नकद और कुछ बही खाते थे।

क्रेन की टक्कर लगने से साइकिल सवार की मौत

यमुनानगर। जगाधरी में उप्पल माल के नजदीक क्रेन की टक्कर लगने से साइकिल चालक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक दशमेश कालोनी निवासी जसवंत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता नंदलाल(69) शाम के वक्त साइकिल पर घर से निकले थे। इस दौरान जैसे ही वह जगाधरी में उप्पल माल के नजदीक पहुंचे तो पीले रंग की क्रेन उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से नंदलाल की मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी क्रेन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और आरोपी क्रेन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

25,680 रुपये सहित एक सट्टेबाज गिरफ्तार

करनाल। जिला पुलिस ने अवैध जुआ एवं सट्टेबाजी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 25,680 रुपये की नकदी बरामद की है।अनुसंधान अधिकारी सहायक उप निरीक्षक बलवान सिंह के अनुसार पुलिस टीम को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कैप्टन पुत्र अशोक कुमार निवासी गली नंबर-3, राजीव पुरम, करनाल को सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खाईवाली करते हुए पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 25,680 रुपये बरामद हुए। थाना शहर करनाल में मुकदमा नंबर 768, दिनांक 29 अक्टूबर 2026 को जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेज दिया गया।

दो युवक वृद्ध महिला की बाली छीनकर फरार

करनाल। सर्विस रोड पर पुराने स्टैंड के समीप मोटरसाइकिल सवार दो युवक एक वृद्ध महिला के कान की बाली छीन कर फरार हो गए मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच आरंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे गांव कल्हेड़ी निवासी वृद्ध महिला सुनहरी घरौंडा में दवाई लेने के लिए आई हुई थी। जब वह पुराने बस स्टैंड के समीप सर्विस रोड पर पहुंची तो मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों ने उसके पास बाइक रोकी। युवकों ने महिला से किसी स्थान का पता पूछना शुरू कर दिया। महिला उन्हें रास्ता बताने लगी, इसी दौरान एक युवक ने अचानक उसके कान पर झपट्टा मारकर सोने की बाली छीन ली। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर तेजी से फरार हो गए।

बिजली करंट की चपेट में आए तीन युवक

पानीपत। पानीपत में गांव बिंझौल के मोड़ पर सडक पर खडे पानी के कारण गुरुवार शाम करीब सात जलेबी की रेहड़ी के पास बिजली के पोल में करंट उतर आया और इसकी चपेट में तीन लोग आ गए। राहगिरों ने जैसे तैसे तीनों की जान बचाई। इधर, पुलिस ने तीनों को अस्पताल में भर्ती करवाया।

5 को गृहमंत्री शाह करेंगे शहीदी स्मारक का उद्घाटन

- उद्घाटन के बाद छह नवंबर से खोला जाएगा स्मारक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मंत्री अनिल विज।

श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि 1857 में देश की पहली आजादी की लड़ाई को समर्पित शहीद स्मारक के उद्घाटन के लिए आगामी 5 नवंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अंबाला छावनी में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले वह स्मारक का उद्घाटन करेंगे और इसके उपरांत गांधी मैदान में आयोजित बड़ी रैली में शामिल होंगे। विज अंबाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में रैली की तैयारी को लेकर भाजपा पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अंबाला छावनी के लिए यह गर्व की बात है कि सन-1857 की आजादी की लड़ाई को समर्पित बड़ा शहीदी स्मारक यहां बनकर तैयार है। उन्होंने कहा कि 22 एकड़ क्षेत्र में 800 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित शहीदी स्मारक देश में आकर्षण का केंद्र होगा। उन्होंने कहा शहीदी स्मारक बनने से यहां दूर-दराज से लोग इसे देखने आएंगे जिससे अंबाला छावनी पर्यटन का केंद्र बन जाएगा। शहीदी स्मारक के साथ साइंस म्यूजियम, बैंक स्क्वेयर, सुभाष पार्क व अन्य स्थल पर्यटन का केंद्र होंगे। उन्होंने बताया कि पांच नवंबर को उद्घाटन के बाद छह नवंबर से इसे जनता के लिए खोल दिया जाएगा। शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों को सरकारी खर्च पर स्मारक दिखाया जाएगा। विज ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 5 नवंबर को गांधी मैदान में आयोजित होने वाली रैली में अधिक से अधिक संख्या कार्यकर्ता व जनता वहां पहुंच ऐतिहासिक पल की साक्षी बने। उन्होंने रैली स्थल पर विभिन्न प्रबंधों को लेकर भी कार्यकर्ताओं से चर्चा की। बैठक के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, भाजपा नेता संजीव सोनी, बीएस बिंद्रा, मदनलाल शर्मा, जसबीर सिंह जस्सी, राजीव गुप्ता डिंपल, विजेंद्र चौहान, किरणपाल चौहान, विपिन्न खन्ना, रवि बुद्धिराजा, विकास बहगल, प्रवेश शर्मा, हर्ष बिंद्रा, अजय बवेजा, आशीष अग्रवाल, श्याम सुंदर अरोड़ा आदि रहे।

राष्ट्रपति दौरे को लेकर आईजी नैन ने सुरक्षा इंतजामों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के 1 नवंबर को कुरुक्षेत्र दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वीवीआईपी सुरक्षा के लिए जिला पुलिस के साथ-साथ विभिन्न जिलों से आए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। महिला पुलिसकर्मियों सहित पुलिस के जवानों को अलग-अलग स्थानों पर सुरक्षा ड्यूटी सौंपी गई है। सुरक्षा व्यवस्था दिन और रात की शिफ्टों में संभाली जाएगी। शुक्रवार को पुलिस महानिरीक्षक अंबाला मंडल पंकज नैन ने कुरुक्षेत्र पहुंचकर राष्ट्रपति के दौरे को लेकर की गई सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन सहित अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान गुरुकुल कुरुक्षेत्र, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और श्री भद्रकाली मंदिर में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

ड्रोन और ग्लाइडर उड़ाने पर प्रतिबंध

राष्ट्रपति के कुरुक्षेत्र दौरे के दौरान सुरक्षा कारणों से शहर में किसी भी प्रकार के ड्रोन और ग्लाइडर उड़ाने पर पाबंदी रहेगी। पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन ने बताया कि किसी भी कंपनी या व्यक्ति को ड्रोन अथवा ग्लाइडर उड़ाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस संबंध में सभी थाना प्रभारियों और ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं।

दिवाली गिफ्ट: किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त जारी

किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही भाजपा सरकार : कंवरपाल

केंद्रीय मंत्री गुर्जर बोले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए किसान हित सर्वोपरि, हरियाणा के 15.99 लाख किसानों को मिली 320 करोड़ रुपये की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



करनाल। कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर।

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री चौधरी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए किसान हित सर्वोपरि हैं। केंद्र सरकार किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने और कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना इसका उदाहरण है। इसके तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के बनासकांठा से देश के 9.34 करोड़ से अधिक किसान परिवारों के खातों में 18,680 करोड़ रुपये की 24वीं किस्त जारी की। चौधरी कृष्णपाल गुर्जर आईसीएआर-राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि हरियाणा में योजना के तहत अब तक 8,139.80 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। शुक्रवार को प्रदेश के 15 लाख 99 हजार 996 लाभार्थियों के खातों में 320 करोड़ रुपये सीधे हस्तांतरित किए गए। योजना के तहत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये तीन किस्तों में दिए जाते हैं।

डीबीटी से बढ़ी पारदर्शिता, 4 लाख करोड़ की बचत

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जनधन खातों और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण व्यवस्था के माध्यम से सरकारी योजनाओं का पैसा सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाने की व्यवस्था मजबूत की है। इससे बिचौलियों और अनियमितताओं पर रोक लगी है तथा लीकेज खत्म होने से चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले किसानों के लिए केंद्रीय बजट लगभग 23 हजार करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर एक लाख 35 हजार करोड़ रुपये हो गया है।

सहकारिता से मजबूत होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था

गुर्जर ने कहा कि कृषि के विकास में सहकारी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को ऋण, कृषि सामग्री, दूध संग्रहण, प्रसंस्करण और विपणन की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकती हैं। उन्होंने एनसीईएल, एनसीओएल और बीबीएसएसएल जैसी राष्ट्रीय सहकारी संस्थाओं का उल्लेख करते हुए किसानों से इनसे जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि डेयरी व्यवसाय अपनाकर किसान अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं।

डीएपी पर 40 हजार करोड़ रुपये की सब्सिडी

एक सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि डीएपी खाद की अंतरराष्ट्रीय कीमत अधिक होने के बावजूद किसानों पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ने दिया गया है। केंद्र सरकार लगभग 40 हजार करोड़ रुपये की सब्सिडी दे रही है। उन्होंने बताया कि 50 किलोग्राम डीएपी बैग की कीमत 1,359 रुपये बनाए रखने के लिए सरकार सहायता दे रही है। इस अवसर पर एनडीआरआई के निदेशक डॉ. धीर सिंह, संयुक्त निदेशक डॉ. राजन शर्मा और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

कांग्रेस और विपक्ष देश की तरक्की से परेशान

कृष्णपाल गुर्जर ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी, लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ पदयात्रा निकाल रही है। 5 नवंबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह करनाल में इस पदयात्रा में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा पदयात्रा के जरिए लोगों के बीच जाकर विपक्षी दलों की राजनीति के बारे में बताएगी। उनके अनुसार कांग्रेस समेत विपक्षी दल और भारत के बाहर की विदेशी ताकतें देश की तरक्की से परेशान हैं और इसमें बाधा डालना चाहती हैं।

नशे ने युवाओं का भविष्य किया खराब

कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि नशे ने पंजाब के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। युवाओं को नशे से बचाकर सही रास्ते पर लाने का एकमात्र विकल्प भाजपा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अगले तीन साल में पंजाब को नशामुक्त करने की बात कही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह जो कहते हैं, उसे पूरा करके दिखाते हैं। भाजपा पंजाब में नशे की समस्या खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। पंजाब के लोगों ने पिछले पांच साल में जिस दुर्दशा का सामना किया है, उसे उनसे बेहतर कोई नहीं जानता।

ट्रक की चपेट में आने से किशोर की मौत, केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

- चार बहनों का इकलौता भाई था गांव रुआं का 17 वर्षीय सन्नी
- पिहोवा में मोटरसाइकिल रिपेयरिंग का काम करता था मृतक सन्नी
- इलाज के लिए चंडीगढ़ जाते समय हालत बिगड़ने के कारण अंबाला अस्पताल में तोड़ा दम



हादसे में मृतक के पेट के ऊपर से गुजरा ट्रक का टायर

पिहोवा सदर थाना पुलिस के अंतर्गत गांव असमानपुर के समीप ट्रक की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव रुआं निवासी 17 वर्षीय सन्नी के रूप में हुई है। सन्नी अपने चचेरे भाई के साथ मोटरसाइकिल पर काम के लिए जा रहा था। ट्रक का टायर उसके पेट के ऊपर से गुजर गया। आरोपी ड्राइवर मौके पर ट्रक छोड़कर भाग गया। सन्नी पिहोवा में मोटरसाइकिल रिपेयरिंग का काम सीख रहा था। वह बहनों का इकलौता भाई था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया। गुरदीप सिंह निवासी रुआं ने बताया कि वह राजमिस्त्री का काम करता है। सुबह करीब नौ बजे उसका चचेरा भाई सन्नी अपनी मोटरसाइकिल पर पिहोवा आने के लिए निकला था। सन्नी को अपने मोटरसाइकिल रिपेयरिंग के काम पर जाना था, उसे भी पिहोवा में कुछ काम था। गुरदीप ने बताया कि सुबह करीब साढ़े नौ बजे जब वह कैथल-पिहोवा रोड पर गांव असमानपुर में पंजाब नेशनल बैंक शाखा के पास पहुंचे तो तेज रफ्तार ट्रक ने सन्नी की मोटरसाइकिल को ओवरटेक किया। अचानक ड्राइवर ने ट्रक के ब्रेक लगा दिए। इससे सन्नी की मोटरसाइकिल ट्रक से टकराकर उसके नीचे घुस गई। टक्कर के बाद ट्रक का टायर सन्नी के ऊपर चढ़ गया। उसने ट्रक का नंबर नोट कर लिया। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर नीचे उतरा, लेकिन मौके पर भीड़ जमा होती देख ट्रक छोड़कर भाग गया। हादसे के बाद राहगीरों की मदद से सन्नी को पिहोवा के प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। परिजन उसे चंडीगढ़ ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसकी तबीयत और बिगड़ गई। वे उसे अंबाला के सादोपुर के अस्पताल ले गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

असंध में अवैध पटाखों की 500 डिब्बी बरामद

करनाल। दीपावली के मद्देनजर अवैध रूप से आतिशबाजी का भंडारण करने वालों के खिलाफ करनाल पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। थाना असंध पुलिस ने बिना लाइसेंस भारी मात्रा में बम-पटाखे रखने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से लगभग 500 डिब्बी विभिन्न प्रकार के बम-पटाखे बरामद किए हैं । पुलिस अधीक्षक करन गोयल, आईपीएस के निर्देशानुसार थाना असंध प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में मुख्य सिपाही सुरेंद्र की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की। पुलिस ने शुभम पुत्र मुकेश निवासी वार्ड नंबर-15 के कब्जे से सात गत्ता पेटियों और एक कट्टे में रखे विभिन्न प्रकार के पटाखे बरामद किए। जांच में आरोपी के पास



आतिशबाजी रखने का कोई वैध लाइसेंस नहीं मिला। इसके बाद थाना असंध में विस्फोटक अधिनियम की धारा 9बी के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई। पुलिस ने लोगों से बिना वैध लाइसेंस आतिशबाजी का भंडारण नहीं करने की अपील की है।

सड़क हादसे में मेरठ के 22 वर्षीय युवक की मौत

करनाल। कर्ण लेक के पास हुए सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश के 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रतापगढ़ निवासी अनुराग राव के रूप में हुई है। वह चंडीगढ़ में शादी समारोहों में सजावट का काम करता था। अनुराग अपने तीन साथियों के साथ दो बाइकों पर सवार होकर मेरठ में काम के सिलसिले में जा रहा था। कर्ण लेक के पास अचानक बाइक के सामने पत्थर आने से उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

आवारा कुत्ते ने बच्चे पर हमला कर नोचा लड़की ने छतरी से वार कर भगाया

अंबाला। रिहायशी भवन के बाहर एक आवारा कुत्ते ने बच्चे पर हमला कर दिया। बच्चा खेलता हुआ गली में जा रहा था तभी कुत्ते ने उसे शिकार बना लिया। हमले से बचने के लिए बच्चा भागते समय गिर गया। इसके बाद कुत्ते ने उसे नोच लिया। उसके चेहरे व हाथ पर काट लिया। इसी दौरान वहां से गुजर रही एक लड़की ने छतरी से मारकर कुत्ते को दूर हटाने की कोशिश की, लेकिन कुत्ता उन दोनों बच्चों पर हमलावर हो गया। यह देख दूसरी गली से एक महिला भागती हुई आई और बच्चे को गोद में उठाकर बचाया। उसने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुला लिया, जिसके बाद किसी तरह कुत्ते को वहां से भगाया गया। इस पूरी घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। लोगों ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ रहा है और वे आए दिन किसी न किसी को काट रहे हैं। यह घटना अंबाला शहर के सेक्टर-9 की है। वायरल हो रहे वीडियो में हमले के दौरान मासूम बच्चे की लाचारी साफ झलक रही है। कुत्ते के झपटने पर बच्चे ने खुद को बचाने के लिए भागने का प्रयास किया लेकिन संतुलन बिगड़ने से वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद कुत्ता उस पर हावी हो गया। बच्च खुद को बचाने में पूरी तरह असमर्थ नजर आया। बच्चे की चीख-पुकार सुनते ही आसपास के लोग उसे बचाने के लिए तुरंत मौके की ओर दौड़े। एक तरफ से महिला तेजी से बच्चे की ओर भागी। दूसरी तरफ से एक लड़की हाथ में छाता लेकर पहुंची। दोनों ने बिना डरे कुत्ते को छतरी से मारकर दूर भगाने का

कर्मचारी को पिस्तौल दिखाकर लूटी बाइक

तरावड़ी। क्षेत्र में दिनदहाड़े पिस्टल की नोक पर एक कंपनी कर्मचारी से बाइक लूटने का मामला सामने आया है। कर्मचारी कंपनी से खाना खाने के लिए तरावड़ी जा रहा था। रास्ते में दो युवकों ने उसे रोक लिया। एक युवक ने छाती पर और दूसरे ने कनपटी पर पिस्टल तान दी। इसके बाद दोनों आरोपी उसकी बाइक लूटकर फरार हो गए। आरोपियों ने जाते समय कर्मचारी को जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत मिलने पर तरावड़ी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वह तरावड़ी के वार्ड नंबर-2 निवासी सेवा मास्टर के मकान में किराए पर रहता है। 29 अक्टूबर को कंपनी में लंच होने के बाद वह दोपहर करीब 1 बजे अपनी बाइक पर खाना खाने के लिए तरावड़ी जा रहा था। विजय पाल के अनुसार कंपनी से करीब 2 किलोमीटर आगे तरावड़ी की तरफ जाने पर एचपी पेट्रोल पंप से कुछ दूरी पहले सडक पर खड़े एक युवक ने हाथ देकर उसे रुकने का इशारा किया। उसने बाइक रोक दी तो युवक ने अपनी दाहिनी जेब से पिस्टल निकालकर उसकी छाती पर तान दी और गाली देने लगा। इसी दौरान दूसरा युवक उसकी तरफ दौडक़र आया और उसने भी पिस्टल निकालकर उसकी कनपटी पर लगा दी। इसके बाद दोनों युवक उसकी बाइक छीनकर फरार हो गए। शिकायतकर्ता ने दोनों अज्ञात आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और बाइक बरामद करने की मांग की है। मामले की जांच एएसआई हरविश कुमार को सौंपी गई है। शिकायत के आधार पर दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

जिला कष्ट निवारण समिति में रखे निर्धारित 15 परिवाद

8 का मौके पर समाधान, 7 पर आगामी बैठक में फैसला

रामकुमार की शिकायत पर उधमगढ़ में कब्जे की जमीन खाली करवाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। बैठक में परिवादो की सुनवाई करते हुए उपयुक्त प्रीति।

जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की अध्यक्षता करते उपायुक्त प्रीति ने कड़े निर्णय लिए है और अधिकारियों को लोगों की शिकायतों का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। बैठक में पहले से निर्धारित 15 परिवाद रखे गए, जिनमें से उपायुक्त प्रीति ने 8 परिवादों का मौके पर ही समाधान कर दिया तथा शेष 7 परिवादों को आगामी बैठक तक हल करने के निर्देश दिए। उपायुक्त के सम्मुख परिवाद नम्बर-1 में राम कुमार निवासी उधमगढ़ ने गांव में गन्दे पानी की निकासी बारे शिकायत दी थी, जिस पर उपायुक्त ने लोगों द्वारा नाजायज कब्जे वाली भूमि को तुरंत खाली करवाने के आदेश दिए ताकि गंदे पानी की निकासी हो सके इसलिए परिवाद को फाइल कर दिया गया। इसी प्रकार परिवाद नम्बर-2 में सुमित गर्ग निवासी मकान नम्बर 1303 जिला यमुनानगर ने रादौर रोड़ पर स्थित खसरा नम्बर-9 की निशानदेही बारे शिकायत दी थी, जिसे आगामी बैठक के लिए लंबित रखा गया। परिवाद नम्बर-3 में अलछ कुमार व समस्त हरबंस पुरा कॉलोनी वासियों ने नजदीक गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा के सामने भूगृह के कारण बीस फुट चौड़ी गली पर अवैध कब्जा हटाए जाने व गली को प्रयोग में लाये जाने बारे शिकायत दी थी जिस पर उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौका मुआयना करने के आदेश दिए ताकि समस्या का समाधान किया जा सकें और इस परिवाद को आगामी बैठक के लिए लंबित रखा गया। परिवाद नम्बर-4 में गंभीर सिंह निवासी हरि फार्म नजदीक टेलीफोन एक्सचेंज ने सडक़ की पुलिया, शहर के पानी व सीवरेज के पानी द्वारा खेती की फसल के नुकसान बारे व खेत के पास कच्चा नाला छोडने बारे शिकायत दी जिस पर उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस मामले में तुरन्त कार्यवाही अमल में लाई जाए। परिवाद नंबर-5 को भी आगामी बैठक के लिए लंबित रखा गया। परिवाद नम्बर-6 में सुनील कुमार निवासी भोजपुर-परवालों ने गाँव भोजपुर /परवालों के खिलाफ फैक्ट्री एक्ट के नियमों की उल्लंघना करने बारे शिकायत दी थी, जिस पर शिकायतकर्ता की शिकायत का मौके पर ही समाधान कर दिया।

न्यूज डायरी

267 छात्रों ने लिया नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प



करनाल। नशामुक्त हरियाणा का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए हरियाणा राज्य नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल से गांव-गांव पहुंचकर अभियान चला रहे हैं। इसी कड़ी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुढ़ा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 267 विद्यार्थियों, शिक्षकों और विद्यालय सदस्यों ने भाग लिया। विद्यालय की प्राचार्या सुनीता की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. वर्मा ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार और भविष्य को बुरी तरह प्रभावित करता है। युवाओं को खेलकूद, योग, शिक्षा और रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशे की गिरफ्त में आए व्यक्ति का तिरस्कार करने के बजाय उसे उपचार और पुनर्वास के लिए प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों और शिक्षकों को स्वयं नशे से दूर रहने तथा दूसरों को जागरूक करने की शपथ दिलाई गई।

थाली और दीया सजावट में अनिशा व मेहक अव्वल



करनाल। पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ एवं गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दीपावली के अवसर पर रचनात्मक प्रतियोगिताओं और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने हस्तनिर्मित सजावटी वस्तुओं के माध्यम से अपनी कलात्मक प्रतिभा और रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। थाली सजावट में अनिशा प्रथम, रजनी द्वितीय और मुस्कान तृतीय रहीं। दीपावली कार्ड निर्माण में साक्षी ने पहला, सोनिया ने दूसरा और साहिल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। दीया सजावट में मेहक प्रथम, तान्या द्वितीय और कुनाल तृतीय रहे। अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तु निर्माण प्रतियोगिता में शिवानी प्रथम, सोनिया द्वितीय, गुरप्रीत कौर तृतीय और मेहक सांत्वना पुरस्कार की विजेता बनीं।

गन्ने का भाव 550 रुपये प्रति क्विंटल करे सरकार



करनाल। भारतीय किसान यूनियन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने पेराई सत्र 2026-27 के लिए गन्ने का भाव 430 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किए जाने पर असंतोष जताया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि किसानों की बढ़ती लागत और मेहनत को देखते हुए गन्ने का भाव बढ़ाकर 550 रुपये प्रति क्विंटल किया जाए। रतन मान ने कहा कि डीजल, खाद, बीज, कीटनाशक, सिंचाई, मजदूरी और ढुलाई का खर्च लगातार बढ़ रहा है। गन्ने की खेती में किसान को लंबे समय तक पूंजी लगानी पड़ती है। प्रति एकड़ लगभग 350 क्विंटल उत्पादन के अनुमान पर कुल लागत करीब 1,50,450 रुपये बैठती है। इसमें खेत की तैयारी, खाद-बीज, फसल की देखभाल, और अन्य खर्च शामिल हैं। इस हिसाब से प्रति क्विंटल उत्पादन लागत लगभग 430 रुपये आती है।

इंद्री में प्रबुद्ध नागरिक गोष्ठी का किया आयोजन



इंद्री। लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत प्रबुद्ध नागरिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के पानीपत जिला प्रभारी एवं हरियाणा सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो के पूर्व वाइस चेयरमैन ललित बत्रा ने संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप राम कुमार कश्यप तथा भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता ललित बत्रा ने कहा कि लोकतंत्र केवल चुनाव कराने की व्यवस्था नहीं, बल्कि संवैधानिक संस्थाओं, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और जनता के विश्वास से मजबूत होता है। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज विपक्ष मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण, ईवीएम और चुनावी प्रक्रियाओं को लेकर लगातार सवाल खड़े कर रहा है तथा बिना तथ्यों के आरोप लगाकर आम जनता के बीच भ्रम और अविश्वास का माहौल बनाने का प्रयास कर रहा है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर, दीपक सैनी, धर्मपाल शांडिल्य, मुकेश अरोड़ा, रणबीर गोयत,अनुज गर्ग, अनिल चौहान व रमन सैनी सहित भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जन्मदिन पर बरसा शुभकामनाओं का प्यार

करनाल। महापौर रेणु बाला गुप्ता के जन्मदिवस पर ब्राह्मण समाज सहित शहर के विभिन्न वर्गों के प्रबुद्धजनों, सामाजिक संगठनों और शुभचिंतकों ने उनका आत्मीय अभिनंदन कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महापौर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग से मिलने वाला स्नेह, सहयोग और आशीर्वाद उन्हें जनसेवा के कार्यों में और बेहतर योगदान देने की प्रेरणा देता है। महापौर ने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में समाज के सभी वर्गों का विश्वास और सहयोग उनके लिए बेहद मूल्यवान है। करनाल विधायक जगमोहन आनंद ने महापौर को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन की कामना की। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं और कहा कि विभिन्न सामाजिक वर्गों की ओर से मिला सम्मान आपसी आत्मीयता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। इस अवसर पर पार्षद जोगिंदर शर्मा, भगवान श्री परशुराम शिव ब्राह्मण सभा के प्रधान प्रमोद शर्मा, उपप्रधान सोमदत्त शर्मा, विजय शर्मा, हरि चरण शर्मा, सुरेश शर्मा, महावीर त्यागी, रोहित यादव, मदन गुर्जर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

गन्ने के रेट में 15 रुपये की बढ़ोतरी भद्दा मजाक

करनाल। भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने हरियाणा सरकार द्वारा गन्ने के मूल्य में मात्र 15 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी को किसानों के साथ भद्दा मजाक बताया है। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को किसानों की समस्याओं की कोई चिंता नहीं है। किसान लगातार कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं। हर साल गन्ने की छिलाई और कटाई की मजदूरी में ही 15 से 20 रुपये प्रति क्विंटल तक बढ़ोतरी हो जाती है। चीनी, इथेनॉल और शराब के दाम बढ़ने के बावजूद किसानों को इसका लाभ नहीं मिल रहा। चीनी मिलें मोटा मुनाफा कमा रही हैं, जबकि गन्ना उत्पादक किसान अपनी मेहनत का उचित मूल्य पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बलड़ी ने कहा कि प्रदेश में कई निजी चीनी मिलें भी अच्छा मुनाफा कमा रही हैं। उन्होंने सरकार से गन्ने के मूल्य में कम से कम 50 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि किसानों का शोषण जारी रहा तो भाकियू सर छोटूराम सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी।

महारैली के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कसी कमर



करनाल। दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को आयोजित होने वाली 'वोट बचाओ-देश बचाओ' महारैली को सफल बनाने के लिए करनाल कांग्रेस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को जाट धर्मशाला में जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी एवं ग्रामीण) की बैठक हुई। इसमें हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और प्रदेश प्रभारी संजय दत्त ने शिरकत की।बैठक में कार्यकर्ताओं की संख्या, वाहनों की व्यवस्था और क्षेत्रवार भागीदारी को लेकर रणनीति बनाई गई। जिला एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए अधिक से अधिक लोगों को दिल्ली पहुंचाने के निर्देश दिए गए। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि यह लड़ाई सत्ता या कुर्सी की नहीं, बल्कि संविधान, लोकतंत्र और जनता के अधिकारों की रक्षा की है। संजय दत्त ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर जनता के मन में गंभीर सवाल हैं और कांग्रेस इन सवालों को देश की आवाज बनाएगी। जिला अध्यक्ष पराग गाबा ने कहा कि आम आदमी के वोट की ताकत ही लोकतंत्र की असली पहचान है। इसकी रक्षा करना सभी की जिम्मेदारी है। जिला अध्यक्ष राजेश वैद ने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं में महारैली को लेकर उत्साह है। इस अवसर पर भुप्पी लाठर, मनोज वधवा, राजेश चौधरी, पंकज पुथी, सुरेश गुप्ता, हरि राम सांबा, नाहर सिंह संधू, ओम प्रकाश सलूजा, डॉ. नवजोत कश्यप, सपना राणा, कृष्ण क्यूटेल, ललित अहूजा, बिंदर पोसवाल, दिलशेर डाचर, जोगिंदर वाल्मीकि, तरुण चौहान, संदीप महाजन और कपिल ठाकुर सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आठ सदस्यीय कमेटी गठित शाह पांच को आएंगे करनाल

दौरे को लेकर निगम आयुक्त ने संभाली तैयारियों की कमान

- कमेटी के सदस्यों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के 5 नवंबर को प्रस्तावित करनाल दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन और शहर में बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय कमेटी गठित की है।

शुक्रवार को निगमायुक्त ने नगर निगम कार्यालय में कमेटी के सदस्यों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की और सभी विभागों को आपसी तालमेल से निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।



करनाल। नगर निगम कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक करतीं निगमायुक्त सलोनी शर्मा तथा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करतीं निगमायुक्त।

एसडीएम करेंगे रोजाना तैयारियों की समीक्षा

निगमायुक्त ने उपमंडलाधीश (नागरिक) को तैयारियों की प्रतिदिन समीक्षा करने, संबंधित विभागों से प्रगति रिपोर्ट लेने और कार्यक्रम स्थल सहित यात्रा मार्गों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी विभाग का कार्य अधूरा मिलने पर तत्काल कार्रवाई कर उसे पूरा करवाया जाए। बैठक में उपमंडलाधीश (नागरिक) देवेंद्र शर्मा, अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधीक्षण अभियंता, नगर निगम की कार्यकारी अभियंता सहित लोक निर्माण विभाग, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम स्थल और मार्ग का निरीक्षण

निगमायुक्त सलोनी शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वीवीआईपी, वीआईपी और आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम स्थल तथा निर्धारित पदयात्रा मार्गों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी की जाएं। बैठक के बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ सेक्टर-12 स्थित गोल्डन मूमेंट्स बैंक्वेट हॉल के नजदीक कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद लघु सचिवालय सड़क तथा निर्मल कुटिया चौक से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी चौक तक सड़क का जायजा लेकर आवश्यक सुधार कार्य जल्द पूरे करने को कहा। निगमायुक्त ने नगर निगम और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल और मार्गों पर विशेष सफाई अभियान चलाने, पेड़ों की छंटाई करवाने तथा फुटपाथों और सेंट्रल वर्ज का रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा वीवीआईपी, वीआईपी और आमजन के लिए निर्धारित पार्किंग स्थलों को व्यवस्थित करने तथा उनकी लेवलिंग करवाने को कहा।

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पदयात्रा मार्गों का निरीक्षण कर आवश्यक पैचवर्क करवाने और सड़कों से गड्ढे दूर करने के निर्देश दिए गए। वहीं जल निकासी व्यवस्था सुचारू रखने के लिए नालों की सफाई और उन पर लगी स्लैब को सुरक्षित एवं ढका हुआ रखने पर विशेष जोर दिया गया। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों को यात्रा मार्गों पर नीचे लटक रही और अव्यवस्थित बिजली की तारों को ठीक करवाने के निर्देश दिए गए। निगमायुक्त ने कहा कि सभी विभाग अपने कार्यों की नियमित निगरानी करें और सुरक्षा से जुड़े किसी भी पहलू की अनदेखी न हो।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर का स्वागत



करनाल। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री चौधरी कृष्णपाल गुर्जर के शुक्रवार को करनाल आगमन पर महापौर रेणु बाला गुप्ता ने एनडीआरआई रेस्ट हाउस में उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान महापौर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और करनाल आगमन को शहरवासियों के लिए हर्ष एवं गौरव का विषय बताया। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद एवं समन्वय से क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयों को आगे बढ़ाने के अवसर मिलते हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री के सुखद प्रवास की कामना की। इस अवसर पर कृष्णपाल गुर्जर ने स्वागत एवं सम्मान के लिए महापौर और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का आभार जताया। करनाल विधायक जगमोहन आनंद ने भी केंद्रीय मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्रीय नेतृत्व का मार्गदर्शन और सहयोग क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने में सहायक होता है। उन्होंने महापौर की ओर से किए गए स्वागत की सराहना की। इस अवसर पर एनडीआरआई के निदेशक डॉ. धीर सिंह, पूर्व चेयरपर्सन मेघा भंडारी, पार्षद संकल्प भंडारी सहित जिले के अनेक अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

रन फॉर यूनिटी में दौड़े विद्यार्थी व पुलिसकर्मी



करनाल। राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में करनाल पुलिस की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश दिया गया। पुलिस अधीक्षक करनाल करन गोयल, आईपीएस के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, पुलिस लाइन के विद्यार्थियों और पुलिस कर्मचारियों ने रन फॉर यूनिटी में उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ के माध्यम से विद्यार्थियों और पुलिसकर्मियों ने देश की एकता और आपसी सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। वहीं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में पुलिस कर्मचारियों को शहीद पुलिसकर्मियों के जीवन, वीरता, कर्तव्यनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान पर आधारित विशेष लघु फिल्म दिखाई गई। इसका उद्देश्य जवानों में देशभक्ति, जनसेवा और कर्तव्य के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत करना रहा। इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक रविंद्र कुमार, आईपीएस, एलओ जयवीर, एनडीपीएस जागरूकता टीम के सहायक उप निरीक्षक जगमाल और विजय, यातायात पुलिस के सहायक उप निरीक्षक ब्रह्मपाल और वेदपाल तथा जिला पुलिस समन्वयक सहायक उप निरीक्षक अजय कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

अमित शाह की पदयात्रा को लेकर भाजपा ने तेज की तैयारियां

महापौर रेणु बाला गुप्ता और विधायक जगमोहन आनंद ने कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारियां



करनाल विधायक एवं पदयात्रा के संयोजक जगमोहन आनंद ने कहा कि पांच नवंबर को केंद्रीय मंत्री अमित शाह के आगमन पर आयोजित होने वाली पदयात्रा को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने संगठन की निर्धारित योजनाओं के अनुसार जिम्मेदारियां निभाने की अपील की।भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने कहा कि संगठन की असली ताकत कार्यकर्ताओं की एकजुटता और सक्रियता है। उन्होंने मंडल स्तर पर तैयारियों को गति देने और अधिकाधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

करनाल। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के पांच नवंबर को प्रस्तावित करनाल दौरे को लेकर भाजपा ने संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में रामनगर मंडल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें महापौर रेणु बाला गुप्ता ने सक्रिय भागीदारी करते हुए प्रस्तावित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा की तैयारियों पर चर्चा की। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि किसी भी बड़े संगठनात्मक कार्यक्रम की सफलता कार्यकर्ताओं की एकजुटता, अनुशासन और सामूहिक प्रयासों पर निर्भर करती है।

प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय बनाकर अपनी जिम्मेदारियां निभाने और पूरे उत्साह के साथ तैयारियों में जुटने का आह्वान किया।

गुरबाणी के मधुर कीर्तन से गूंजा मंजी साहिब गुरुद्वारा

करनाल। श्री गुरु रामदास जी के पावन प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में शुक्रवार को गुरुद्वारा मंजी साहिब में भव्य नगर कीर्तन एवं गुरमत समागम का आयोजन किया गया। इसमें महापौर रेणु बाला गुप्ता ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। 'गुरु नानक सेवक जत्था चार सेवा देहली' की ओर से बाबा सुक्खा सिंह (डेरा कार सेवा वाले) के विशेष सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संगत ने हिस्सा लिया। महापौर ने गुरु घर में नतमस्तक होकर गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया और संगत को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दीं। महापौरने कहा कि गुरु रामदास का जीवन विनम्रता, सेवा, समर्पण और भाईचारे की महान प्रेरणा देता है। सिख गुरुओं की शिक्षाएं जाति और धर्म के भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता की सेवा करने तथा समाज में प्रेम और सद्भाव बनाए रखने का संदेश देती हैं। गुरु परंपरा में सेवा और सिमरन का विशेष महत्व है। ऐसे धार्मिक आयोजन नई पीढ़ी को अपनी आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के साथ सामाजिक एकता को भी मजबूत करते हैं।

गुरु रामदास के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में नगर कीर्तन

बोले सो निहाल के जयकारों से गूंजा शहर

- पालकी साहिब के दर्शन के लिए उमड़ी संगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

सिखों के चौथे गुरु श्री गुरु रामदास जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में शुक्रवार को करनाल में भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयकारों से समूची कर्ण नगरी भक्तिमय हो उठी। नगर कीर्तन का आयोजन गुरुनानक सेवा जत्था, पहली पातशाही गुरुद्वारा मंजी साहिब और गुरुद्वारा डेरा कार सेवा की ओर से संयुक्त रूप से किया गया। गुरुद्वारा डेरा कार सेवा के प्रमुख एवं पंथ प्रचारक जत्थेदार बाबा सुक्खा सिंह के मार्गदर्शन में निकले नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। गुरुद्वारा डेरा कार सेवा में सुबह अरदास की गई। इसके बाद नगर कीर्तन आरंभ हुआ और पहली पातशाही गुरुद्वारा मंजी साहिब में धार्मिक मर्यादाओं के साथ कार्यक्रम को पूर्णता प्रदान की गई। पंच प्यारों ने नगर कीर्तन की अगुवाई की। इस अवसर पर सरदार रतन सिंह, गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के प्रधान बरिंदर सिंह, महासचिव जत्थेदार इंद्रपाल सिंह, गुलाब सिंह मूनक, गुरुनानक सेवा जत्था के अमनदीप सिंह मिड्ढा, अमृतपाल सिंह, हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य गुरनाम सिंह लाडी, आदि उपस्थित रहे।



करनाल। गुरु रामदास जी के प्रकाश पर्व पर निकले नगर कीर्तन में शामिल संगत।

गतका प्रदर्शन ने बढ़ाया आकर्षण

नगर कीर्तन में दशमेश अखाड़ा और बीर खालसा दल की गतका पार्टियों ने पारंपरिक युद्धकला का शानदार प्रदर्शन किया। अखाड़े के सदस्यों ने अपने कौशल से संगत को आकर्षित किया। इस दौरान सिख पंथ के विद्वानों और गणमान्य व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया।

न्यूज डायरी

31 अक्टूबर को होगा भजन क्लबिंग कार्यक्रम



करनाल। महाराजा अग्रसेन जयंती के पावन अवसर पर वैश्य भवन चैरिटेबल ट्रस्ट एवं अखिल भारतीय वैश्य फेडरेशन (कोर ग्रुप), करनाल की ओर से 31 अक्टूबर को भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भजन क्लबिंग आयोजित किया जाएगा। सेक्टर-8 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में शाम छह बजे शुरू होने वाले इस आयोजन में पारंपरिक भजनों के साथ आधुनिक संगीत का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। महाराजा अग्रसेन भवन के प्रधान शम्मी बंसल ने बताया कि कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता और हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आयोजन का उद्देश्य युवाओं और नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, सनातन परंपराओं तथा भक्ति संगीत से जोड़ना है। कार्यक्रम में कथाओं, कीर्तन और भक्ति संगीत की विशेष प्रस्तुतियां होंगी। आरजे कार्तिक भी अपनी प्रस्तुति देंगे। शम्मी बंसल ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव पी.के. जैन और कोषाध्यक्ष बृज गर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। परियोजना निदेशक प्रदीप बंसल, विनय बंसल और पंखिल गोयल आयोजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

नीलोखेड़ी में पीएम-किसान उत्सव दिवस मनाया



करनाल। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा संस्थान, नीलोखेड़ी में शुक्रवार को पीएम-किसान उत्सव दिवस आयोजित किया गया। संस्थान के प्रशिक्षण हॉल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिकों, कर्मचारियों और विस्तार अधिकारियों ने गुजरात के बनासकांठा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा और सुना। मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी की। इसके तहत देश के 9.34 करोड़ से अधिक पात्र किसान परिवारों के बैंक खातों में 18,680 करोड़ रुपये की राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से भेजी गई। इस अवसर पर डॉ. सुख राम वर्मा, डॉ. अनिल कुमार रोहिला, डॉ. अजय कुमार सहित संस्थान के कर्मचारी और प्रतिभागी मौजूद रहे।

सात पुलिसकर्मियों की सेवाओं को सलाम



करनाल। जिला पुलिस करनाल में वर्षों तक निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता के साथ सेवाएं देने वाले सात पुलिसकर्मी शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में सम्मानपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह, आईपीएस ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया और उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की। सेवानिवृत्त होने वालों में निरीक्षक रविन्द्र पाल ने लगभग 38 वर्ष सात माह की सेवा दी और 17 पुरस्कार प्राप्त किए। ओ. निरीक्षक दिलबाग सिंह ने 37 वर्ष एक माह की सेवा में 20 पुरस्कार हासिल किए। ओ. निरीक्षक रामफल ने 35 वर्ष एक माह की सेवा में 28 पुरस्कार प्राप्त किए। उप निरीक्षक रामकुमार ने 34 वर्ष दो माह की सेवा में 21 पुरस्कार हासिल किए। मुख्य सिपाही बलजिंद्र सिंह और मुख्य सिपाही सतीश कुमार ने 19 वर्ष चार माह तक विभाग में सेवाएं दीं। दोनों को सात और 13 पुरस्कार मिले। वहीं रसोइये के पद पर कार्यरत बलजीत सिंह ने 41 वर्ष एक माह तक विभाग की सेवा की और तीन पुरस्कार प्राप्त किए।

कुरुक्षेत्र में आज स्वामी श्रद्धानंद का शताब्दी वर्ष

घरौंडा। जगतगुरु स्वामी श्रद्धानंद के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को कुरुक्षेत्र की पावन धरती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष आयोजन में देश की राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू मुख्य रूप से शिरकत करेंगी। कार्यक्रम को लेकर आर्य समाज से जुड़े लोगों में खासा उत्साह है। देशभर में पूरे वर्ष स्वामी श्रद्धानंद के जीवन, विचारों और समाज के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी आर्य समाज घरौंडा के प्रवक्ताओं ने पत्रकार वार्ता के दौरान दी। इस अवसर पर आर्य समाज के प्रवक्ता दिलबाग ने बताया कि स्वामी श्रद्धानंद का जीवन समाज सुधार, वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार और गुरुकुल शिक्षा पद्धति को पुनर्जीवित करने के लिए समर्पित रहा। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए गुरुकुल परंपरा को नई पहचान दिलाने का कार्य किया। उनके विचार और आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। आर्य समाज उनके योगदान को कभी भुला नहीं सकता।

दिलबाग ने बताया कि इसी कड़ी में 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को गुरुकुल कुरुक्षेत्र में शताब्दी वर्ष के विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन आयोजनों में देशभर से विद्वान, आर्य समाज के प्रतिनिधि, धार्मिक प्रवक्ता और सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख हस्तियां भाग लेंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति इस आयोजन को विशेष महत्व प्रदान करेगी।

भजन-कीर्तन में श्रद्धालु हुए भावविभोर



करनाल। सदर बाजार स्थित माता रामप्यारी बत्रा दुर्गा मंदिर एवं हकीम उत्तम चंद बत्रा आयुर्वेदिक यूनानी औषधालय परिसर में आयोजित 49वीं वार्षिक कार्तिक कथा में श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और कार्तिक मास की महिमा से अवगत करवाया गया। कथा के दौरान पंडित चेतन देव शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण और सत्यभामा का प्रेरणादायक प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान को धन-दौलत, वैभव और दिखावे से नहीं, बल्कि सच्चे प्रेम, श्रद्धा और समर्पण से प्राप्त किया जा सकता है। मंदिर परिसर में 49वीं वार्षिक कार्तिक कथा में प्रतिदिन श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवण कर रहे हैं। इस अवसर पर वैद्य देवेंद्र बत्रा, दर्शना बत्रा, डॉ. गौरव बत्रा और डॉ. मानव बत्रा सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। हवन में पंडित चेतन देव शर्मा और पंडित शेखर शर्मा ने विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डलवाईं। आयोजन 24 नवंबर तक जारी रहेगा।

पटाखों की अवैध बिक्री पर पुलिस का शिकंजा



तरावड़ी। त्यौहारी सीजन को देखते हुए तरावड़ी में पुलिस प्रशासन ने अवैध रूप से पटाखों की बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्ती शुरू कर दी है। डीएसपी सोनू नरवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शहर में कई स्थानों पर छापेमारी की। पुलिस की इस कार्रवाई से पटाखा विक्रेताओं में हडकंप मच गया। पुलिस प्रशासन द्वारा त्यौहारी सीजन के दौरान पटाखों के कारोबार पर विशेष नजर रखी जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि बिना अनुमति या नियमों के विरुद्ध पटाखों की बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीएसपी सोनू नरवाल के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई का उद्देश्य शहर में अवैध पटाखा कारोबार पर रोक लगाना और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस प्रशासन ने दुकानदारों को हिदायत दी है कि वे निर्धारित नियमों और प्रशासनिक निर्देशों का पालन करें। पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध रूप से पटाखों की बिक्री होती दिखाई दे या इस संबंध में कोई शिकायत हो तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुलिस प्रशासन ने दो टूक कहा है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

खबर संक्षेप

रन फॉर यूनिटी एवं शपथ ग्रहण समारोह आज

पानीपत। उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने बताया कि 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय सहित समालखा में रन फॉर यूनिटी एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए जाएंगे। स्थानीय शिवाजी स्टेडियम से हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित होंगे।

दो लाख एमटी धान की हुई आवक

पानीपत। उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में 29 अक्टूबर तक कुल 198990 मीट्रिक टन धान की आवक हुई 19802 मीट्रिक टन धान पीआर तथा 1509 किस्म की 155430 मीट्रिक टन धान, सरबती 19.5 मीट्रिक टन, बासमति/1121 धान 17825 मीट्रिक टन व मुच्छल 5913.5 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है।

एसआईआर की समयावधि बढ़ी

पानीपत। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. हरीश वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची में दावे, आपत्तियों और नोटिस के निपटान की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 30 नवंबर कर दी गई है। इसके साथ ही मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि भी 30 नवंबर निर्धारित की गई है। उपायुक्त ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से भेजे गए समय सीमा बढ़ाने के अनुरोध को स्वीकार करते हुए यह निर्णय लिया है।

इरफान अली का स्वागत किया

पानीपत। पानीपत की बेरी वाली मस्जिद में शुक्रवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष इरफान अली पानीपत का मुस्लिम समाज के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में भाजपा नेता दिनेश सैनी, साकीब अली, अब्दुल कयूम, गयूर अली, शादाब मलिक, गुलजार सैफी, अब्दुल सत्तार, दिनेश सैनी, मनोज सैनी, राहुल पटवा, संजय, अहसान अली, समीर, हाफिज मोहम्मद आदि उपस्थित रहे।

भाजपा हर मोर्चे पर फेलः पंवार

पानीपत। कांग्रेस नेता डॉ. ओमवीर सिंह पंवार ने कहा कि देश के लोकतंत्र, संविधान, आम नागरिक के मताधिकार की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी एवं इंडिया गठबंधन द्वारा एक नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली में पानीपत से हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा की केंद्र सरकार के शासनकाल में लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता, चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और आम नागरिक के संवैधानिक अधिकारों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया

पानीपत। पानीपत पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान के तहत गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव उरलाना कलां में विद्यार्थियों को और गांव में डोर टू डोर जाकर गांव वासियों को नशा करने के दुष्परिणाम बारे विस्तृत जानकारी देकर जीवन में कभी भी नशा नहीं करने बारे शपथ दिलवाई गई।

मारपीट करने वालों पर केस दर्ज

समालखा। समालखा शहर की तोता राम मार्केट में कपड़ा व्यापारी लक्की के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया गया। वहीं लक्की की शिकायत पर थाना समालखा पुलिस ने हमलावरों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से इस मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने अभी तक विशाल, रवि, संदीप, सन्नी, शुभम, सुनील आदि पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संदेश का लाइव प्रसारण होगा

हरियाणा डे पर गौरवशाली विकास यात्रा का उत्सव होगा



पानीपत। हरियाणा डे को लेकर बैठक करते हुए डीसी डॉ. हरीश वशिष्ठ व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

हरियाणा प्रदेश के गठन के 60 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक नवंबर को हीरक जयंती के अवसर पर आर्य पीजी महाविद्यालय पानीपत के ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह नौ बजे शुरू होगा। समारोह में हरियाणा की छह दशकों की विकास यात्रा, ऐतिहासिक उपलब्धियों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव मनाया जाएगा। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से भी पानीपत निवासी लाइव जुड़ेंगे और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का संदेश सुनेंगे। डीसी डॉ. हरीश वशिष्ठ ने शुक्रवार को जिला सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की बैठक लेकर समारोह के सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा के गौरवशाली इतिहास, उपलब्धियों और उज्ज्वल भविष्य के इस ऐतिहासिक उत्सव के साक्षी बनना चाहिए। इस मौके पर एडीसी अंकित चौकसे, निगम के अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी, एसडीएम समालखा अमित कुमार, एसडीएम पानीपत मनदीप कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट टीनू पोसवाल, सीएमओ डॉक्टर विजय मलिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी नीलम कुंडू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

डीसी ने समारोह के सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

उपलब्धियों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव मनाया जाएगा।

शहीदों की याद में लगाई हथियारों की प्रदर्शनी



पानीपत। पुलिस लाइन में हथियारों की प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विद्यार्थी आदि। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष में पुलिस लाइन में आर्टियोस हॉस्पिटल द्वारा पुलिस के कर्मचारियों का कैंप लगाकर स्वास्थ्य जांचा। वहीं, हथियारों की प्रदर्शनी लगाकर स्कूली बच्चों को हथियारों की जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष में पुलिस शहीदी दिवस व राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। जो इस सबंध में शुक्रवार को पुलिस लाइन में आर्टियोस हॉस्पिटल द्वारा पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों व इनके परिजनों का स्वास्थ्य जांचा। कैंप में डॉ. जसबीर मलिक ने अपनी टीम के साथ ईसीजी, रक्तचाप, ईसीजी की जांच, मानसिक एवं शारीरिक टेस्ट सहित अन्य चैक-अप किए गए।

शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करें: डीसी

पानीपत। हरियाणा सरकार की महत्वपूर्ण पहल सीएम विंडो (ऑनलाइन शिकायत निगरानी एवं निवारण प्रणाली) के प्रभावी क्रियान्वयन और शिकायतों के समाधान की प्रगति की समीक्षा को लेकर शुक्रवार को चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास, सेक्टर-तीन में अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं वित्तायुक्त, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन डॉ. सुमिता मिश्रा की अध्यक्षता में पानीपत के उपायुक्त के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों, उनके निस्तारण तथा लंबित मामलों की प्रगति की समीक्षा की गई। इधर, बैठक में संपन होने के बाद उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सीएम विंडो पर आई शिकायतों का अधिकारी गंभीरता से निराकरण करें।

विद्यार्थियों के लिए फूड ट्राली व बर्तन भेंट किए



पानीपत। इनर व्हील क्लब पानीपत द्वारा सामाजिक सेवा पोषण भरी मुस्कान, प्रेम भरी सेवा विषय के तहत क्लब ने स्कूल में बच्चों के लिए फूड ट्रॉली और आवश्यक बर्तनों का दान किया ताकि मध्यान्ह भोजन अधिक स्वच्छता से परोसा जा सके। इस अवसर पर सदस्य रीता मलिक द्वारा बच्चों के लिए पूड़ी, सब्जी और खीर की व्यवस्था की गई। दूसरी ओर, प्रेसिडेंट अलका भाटिया, सचिव अनीता शर्मा, वाइस प्रेसिडेंट अमिता ढींगरा, पीडीसी डॉ. गीता रीता मलिक, अनीता गंगवानी, पम्मी आहूजा, रजनी चांद, निशा डावर ने कहा कि इनर व्हील क्लब की ओर से स्कूल में शिक्षित हो रहे विद्यार्थियों की उनकी मांगानुसार सहयोग जारी रहेगा।

श्री तारा एंक्लेव को समस्या मुक्त करेगा नगर परिषद

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा



पानीपत। नगर परिषद सचिव को ज्ञापन सौंपते हुए श्री तारा एंक्लेव कालोनी निवासी।

समालखा की सबसे बड़ी अप्रूव्ड आवासीय कालोनी श्री तारा एंक्लेव में जल्द ही मुख्य सड़क पर स्पीड ब्रेकर, चौराहों पर बड़ी स्ट्रीट लाइट्स व चौराहों पर बैठने के लिए स्टील बेंचों की व्यवस्था करते हुए सफाई व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। यह आश्वासन नगर परिषद सचिव प्रिंस मेहंदीरत्ता ने श्री तारा एंक्लेव कालोनी (आरडब्ल्यूए) से मुलाकात में दिया। वहीं, आरडब्ल्यूए के संरक्षक पीपी कपूर के नेतृत्व में महासचिव जगबीर पंवार, प्रधान सुभाष रमन, मनीष अम्बावत, भीम सिंह, जगपाल छोकर, पवन कुमार आदि ने कालोनी में लगने वाली स्ट्रीट लाइट्स, स्पीड ब्रेकर्स व स्टील बेंचों के लिए लोकेशन सहित सूची नगर परिषद सचिव प्रिंस मेहंदीरत्ता को दी। जबकि परिषद सफाई निरीक्षक विकास नरवाल को कालोनी में सफाई व्यवस्था सही ढंग से कराने के आदेश भी दिए। विधायक प्रतिनिधि राकेश अहलावत, पार्षद कप्तान छोकर, पूर्व पार्षद सुरेश झंडा व राजेश ठाकुर ने बताया कि श्री तारा एंक्लेव कालोनी की हर समस्या का हल होगा।

शिक्षाविद् दीपचंद्र निर्मोही के सपनों को साकार करेंगे: विज

- श्रद्धांजलि देने के लिए देश भर से पहुंचे शिक्षाविद्, साहित्यकार, समाजसेवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत के प्रमुख लेखक, कवि, साहित्यकार, शिक्षाविद व चेतना परिवार के संस्थापक दीपचंद्र निर्मोही की स्मृति में शुक्रवार को आर्य पीजी कालेज के सभागार में प्रेरणा सभा का आयोजित की गई। वहीं, स्वर्गीय निर्मोही को अनेकों संगठनों के सदस्यों ने पहुंचकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। परिवार ने उनकी याद में हर वर्ष व्याखान माला चलाने एवं चेतना परिवार के बच्चों को एक हजार कापी देने की घोषणा की। शहरी विधायक प्रमोद विज ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि शिक्षाविद् दीपचंद्र निर्मोही के सपनों को साकार करेंगे। निर्मोही ने जीवनभर समाज को दिया है लिया है बस बच्चों का प्यार और समाज का मान सम्मान। उन्होंने साइकिल पर चलकर अनेकों स्कूल खड़े किए है। जिनमें हजारों बच्चें निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे है।

सरकार से पदम श्री देने की मांग उठाई

उन्होंने दीपचंद्र निर्मोही के समाज के लिए किये अनेकों कार्यों के लिए सरकार से पदम श्री देने की मांग उठाई। इसके लिए वह सरकार को लिखेंगे। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र सिंह डूमरखां ने कहा कि निर्मोही जैसा व्यक्ति लाखों में एक पैदा होता है। उन्होने जीवन भर समाज को शिक्षित करने में लगाया। चेतना परिवार की प्रबंध न्यासी एवं खादी आश्रम की संचालक निर्मल दत्त ने प्रेरणा सभा में आये सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निर्मोही ने शिक्षा में समानता, जातियों में समानता, धर्म में समानता के मकसद से बेटियों के उत्थान के लिए काम किया।



ये मौजूद रहे

वहीं, प्रेरणा सभा में जन सेवा दल से कृष्ण मनचंदा, चमन गुलाटी, गुलशन बत्तरा ने निर्मोही की उल्लेखनीय सेवाओं के लिए उनके पुत्र सत्यप्रिय, देवप्रिय, विवेक व पोत्र दिव्यांशु को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं, प्रेरणा सभा में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा, शिक्षाविद् लाभ सिंह कादियान, मित्रसैन, देवेन्द्र दत्ता, अविनाश पालीवाल, धीरज मलिक, दयानंद शर्मा, डॉ. अशोक भाटिया, डॉ. सुभाष सैनी, डॉ वंदना पाहूजा, डॉ. विजय, जोगिन्द्र स्वामी, डॉ. एपी जैन, समेत बडी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने निर्मोही को नमन किया।

जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सेवाएं देना पुण्य कार्य : रावल




पानीपत। गांव बापौली में नेत्र जांच कैंप में महिला की आंखें जांचते हुए नर्स।

बापौली। पानीपत के गांव बापौली स्थित कमला सदन में शुक्रवार को समाजसेवी विनोद रावल बिट्टू की ओर से अर्पणा अस्पताल, मधुबन के सहयोग से निःशुल्क नेत्र रोग जांच शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में विभिन्न गांवों के 320 ग्रामीणों ने अपनी आंखों की जांच करवाई। वहीं, जरूरतमंदों को फ्री चश्में भी दिए गए। वहीं, अर्पणा अस्पताल के अनुभवी नेत्र चिकित्सकों ने मरीजों की आंखों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया। शिविर में मोतियाबिंद, रेटिना, कॉर्निया, भेंगापन, तिरछेपन और आंखों से संबंधित अन्य बीमारियों की जांच एवं उपचार की जानकारी दी गई। शिविर में हृदय रोगों से संबंधित जांच और परामर्श की सुविधा भी दी गई। इसमें ईसीजी और रक्तचाप की जांच शामिल रही। समाजसेवी विनोद रावल बिट्टू ने कहा कि जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना समाजसेवा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सेवाएं देना पुण्य का काम है। इस अवसर पर नरेश धीमान, राजवीर, अनिल ,रामपाल, सुरेंद्र धीमान, राजेश, राजपाल, नरेश, राकेश, कमल, राजरानी, राजपति आदि उपस्थित रहे।

जनता की निष्काम सेवा कर रही है भाजपा सरकारः नवीन

भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का स्वागत करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया आदि। फोटो : हरिभूमि

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने दिल्ली पहुंचकर भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री व मौजूदा लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच राजनीतिक विषयों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई ओर साथ साथ हिमाचल प्रदेश में उद्योगपतियो को हो रही है दिक्क्तों को लेकर चर्चा हुई, इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, संगठन की मजबूती और विभिन्न सामाजिक-राजनीतिक विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। नवीन भाटिया ने कहा पूर्व कद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि ठाकुर देश में प्रभावशाली नेता है। वहीं, ठाकुर के साथ पार्टी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और पार्टी की नींव को और अधिक मजबूत करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। वहीं, नवीन ने ठाकुर को बताया कि हरियाणा में भाजपा सरकार जनता की निष्काम सेवा कर रही है। वहीं प्रदेश भाजपा के पदाधिकारी भविष्य में पंजाब व उत्तर प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनावों में प्रचार प्रसार के लिए जाएंगे। इस अवसर पर भाजपा नेता चेतन तनेजा, विक्की बत्रा, हिमांशु वीरममाणि मौजूद रहे।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कांग्रेस पर साधा निशाना



करनाल। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने करनाल पहुंचकर कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों की राजनीति देश में अस्थिरता और अराजकता पैदा करने की है। रैली और धरना-प्रदर्शन के नाम पर सार्वजनिक व्यवस्था को बाधित करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की तुलना बांग्लादेश और नेपाल से करना गलत है, क्योंकि भारत की परिस्थितियां इन देशों से बिल्कुल अलग हैं।

पंजाब में बदलाव की लहर का किया दावा

कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि पंजाब की जनता मौजूदा सरकार से परेशान है और बदलाव चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले पांच वर्षों में पंजाब में विकास की गति प्रभावित हुई है। उन्होंने नशे की समस्या पर चिंता जताते हुए कहा कि नशे ने युवाओं के भविष्य को नुकसान पहुंचाया है। युवाओं को नशे से बचाकर विकास की मुख्यधारा से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पंजाब को नशामुक्त बनाने के लिए ठोस प्रयास किए जाने चाहिए।

पांच को करनाल में पदयात्रा में शामिल होंगे अमित शाह

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बताया कि 5 नवंबर को करनाल में आयोजित लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा इस पदयात्रा के माध्यम से जनता के बीच विपक्षी दलों की राजनीति और उनकी कार्यशैली को उजागर करेगी।

विजेता टीम के नौ खिलाड़ियों का नॉर्थ जोन इंटर-यूनिवर्सिटी कोचिंग कैंप में चयन

आर्य कॉलेज ने वॉलीबॉल में इंटर जोनल टूर्नामेंट में गोल्ड जीता

उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह ने कहा कि विजेता टीम को बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया

पदक हासिल कर कॉलेज और जिले का नाम रोशन किया



पानीपत। आर्य कॉलेज की विजेता वॉलीबॉल टीम अतिथियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज की पुरुष वॉलीबॉल टीम ने अपनी खेल प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित इंटर जोनल पुरुष वॉलीबॉल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक हासिल कर कॉलेज और जिले का नाम रोशन किया है। वहीं, प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने बताया कि आर्य कॉलेज की विजेता टीम ने जहां ऐतिहासिक जीत दर्ज की, वहीं, टीम के नौ खिलाड़ियों अंकुर, योगेश, अभिराज राजपूत, हर्ष नागर, मृत्युंजय, रजत सिंह, उमेद सिंह, मंजीत राणा, रजनीश सिंहका चयन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की संभावित टीम के कोचिंग कैंप के लिए हुआ है। दूसरी ओर, उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह ने कहा कि विजेता टीम को बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

कांग्रेस की दिल्ली में रैली ऐतिहासिक होगी

पानीपत से हजारों कांग्रेसी रैली में भाग लेने दिल्ली जाएंगे: रमेश



पानीपत। में कांग्रेसियों की बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी प्रदेश प्रभारी संजय दत्त। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

एक नवंबर को दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली 'वोट बचाओ देश बचाओ महारैली की तैयारियों को लेकर कांग्रेस ग्रामीण कार्यालय में संगठनात्मक बैठक हुई। बैठक को हरियाणा कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, महारैली अभियान की प्रभारी रितु वर्मा सोनी ने पानीपत ग्रामीण की तीनों विधानसभा पानीपत, समालखा, इसराना क्षेत्रों के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधियों, जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक नवंबर की महारैली देश के लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान की रक्षा और प्रत्येक नागरिक के मताधिकार से जुड़े महत्वपूर्ण सवालों को लेकर आयोजित की जा रही है। इधर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रमेश मलिक ने कहा कि रैली में पानीपत ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में नागरिक रैली में भाग लेने जाएंगे। कांग्रेस की दिल्ली में होने वाली रैली ऐतिहासिक होगी। इस अवसर पर कांग्रेसी सचिन कुंडू, दिव्यांशु, पूर्व विधायक बलबीर, दीपक, धर्मेंद्र, प्रियांश, दीपक मलिक, अंजू आदि उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

डीसी ने वेयरहाउस का भौतिक निरीक्षण किया

अंबाला। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने शुक्रवार को कल्पना चावला महिला बहुतकनीकी संस्थान में ईवीएम व वीवीपैट के लिए स्थापित वेयरहाउस का भौतिक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस के गेट पर लगे ताले की सील को चेक करने के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से यहां पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की जानकारी ली। इसके अलावा यहां पुलिस गार्द के बारे में भी विस्तार से जानकारी हासिल की। उन्होंने निरीक्षण के दौरान यहां पर की गई व्यवस्थाओं जैसे अग्निशमन यंत्र, सिक्योरिटी व अन्य बिंदुओं के बारे में भी पूछा।

छात्रों को किया कानून के प्रति जागरूक

अंबाला। जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सौंडा में सुरक्षित बचपन अभियान के तहत एक कानूनी जागरूकता शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, बाल सुरक्षा सुनिश्चित करना और छात्रों व स्कूल स्टाफ को सुरक्षात्मक कानूनी ढांचे के बारे में शिक्षित करना था। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण गीताजंलि गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके साथ डीएलएसए के पैनल अधिवक्ता कमल धीमान मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे

रन फॉर यूनिटी का आज होगा आयोजन

अंबाला। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि 31 को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती व राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तर पर व उपमंडल स्तर पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम के तहत सभी जगहों पर पहले राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलवाई जायेगी और उसके उपरांत रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, पुलिस के साथ-साथ आमजन की भागीदारी होगी।

बेगमपुरा तंदवाली में 5 को विशाल संत समागम

बराड़ा। मानव प्रेम के प्रतीक ब्रह्मलीन श्री 108 संत बैसाखी दास उदासीन महाराज की 45वीं पुण्य स्मृति के उपलक्ष्य में डेरा बेगमपुरा तंदवाली में 5 नवंबर वीरवार को संत समागम एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से संत-महात्मा, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और श्रद्धालु शिरकत करेंगे। डेरा बेगमपुरा तंदवाली के गद्दीनशीन संत श्री 108 सोमदास उदासीन ने ने बताया कि संत समागम का आयोजन संत बैसाखी दास उदासीन मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से श्री 108 संत निरंजन दास महाराज, गद्दीनशीन डेरा सच्चखंड बल्लां के पावन आशीर्वाद से किया जा रहा है। समागम की अध्यक्षता 108 संत धर्म दास महाराज, श्री गुरु रविदास दरबार लाडवा करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में श्री 108 संत निर्मल दास महाराज, गद्दीनशीन डेरा बाबा लाल दास, कपालमोचन शिरकत करेंगे। गुरु रविदास महाराज की शिक्षाओं से प्रेरणा लेने की अपील की है।

चेन झपटकर बाइक सवार फरार

- करवाचौथ की कथा सुनकर अपने घर लौट रही थी महिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

शहर के सेक्टर-9 में करवाचौथ के दिन बाइक सवार दो युवकों ने घर के बाहर खड़ी महिला के गले से सोने की चेन झपट ली। महिला उस समय हाथ में पूजा की थाली लिए खड़ी थी। चेन झपटते ही उसके हाथ से थाली नीचे गिर गई। वारदात के बाद दोनों युवक बाइक से फरार हो गए। घटना के 14 सैकेंड के वीडियो के अलावा दो अन्य सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इनमें आरोपी वारदात से पहले इलाके में घूमते और घटना के बाद आते-जाते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत के अनुसार, चेन और लॉकेट की कीमत करीब 80 हजार रुपए है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में तीन महिलाएं घर के बाहर खड़ी दिखाई दे रही हैं। इनमें से दो महिलाओं के हाथ में करवा चौथ की पूजा की थाली है। इसी दौरान स्प्लेंडर बाइक पर दो युवक पहुंचते हैं। बाइक चला रहे युवक ने हेलमेट पहना हुआ है, जबकि पीछे बैठे युवक ने कपड़े से मुंह ढक रखा है। महिलाओं के पास बाइक पहुंचते ही पीछे बैठा युवक एक महिला के गले से चेन झपट लेता है। अचानक हुई वारदात से महिला के हाथ से पूजा की थाली नीचे गिर जाती है। इसके बाद दोनों युवक बाइक से फरार हो जाते है।

युवक ने हेलमेट पहन रखा था

सेक्टर-9 के प्रदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि करवाचौथ पर उनकी पत्नी पड़ोस में कथा सुनने गई थी। कथा सुनने के बाद वह अन्य महिलाओं के साथ घर के बाहर पहुंची। इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक वहां आए। बाइक चला रहे युवक ने हेलमेट पहना था, जबकि पीछे बैठे युवक ने सफेद टी-शर्ट पहन रखी थी और कपड़े से मुंह ढक रखा था। पीछे बैठे युवक ने उनकी पत्नी के गले से सोने की चेन और लॉकेट झपट लिया। इसके बाद दोनों मौके से फरार हो गए।

त्योहारी सीजन में पुलिस ने चलाया सर्च आपरेशन

- जांच के दौरान बाहर से आए संदिग्धों के काटे अजनबी पर्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

वीआईपी कार्यक्रमों व त्योहारी सीजन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के उद्देश्य से पुलिस की ओर से विशेष सर्च आपरेशन चलाया गया। थाना बलदेव नगर के धूलकोट एवं आसपास के इलाकों में आपरेशन के दौरान गहन जांच की गई। अभियान का संचालन प्रबंधक थाना बलदेव नगर, उप-निरीक्षक कुलदीप सिंह की देखरेख में एटीएस टीम, स्पेशल कमांडो दस्ता एवं जिला पुलिस बल की संयुक्त टीमों द्वारा किया गया। अभियान के दौरान बाहरी क्षेत्रों से आकर रह रहे लोगों की गहनता से जांच की गई। कई संदिग्ध व नए व्यक्तियों के 'पर्चे अजनबी' काटे गए हैं। इन सभी व्यक्तियों की उनके मूल निवास स्थान व संबंधित थानों से विस्तृत पुलिस वेरिफिकेशन करवाई जाएगी। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत किराएदारों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य है।



अंबाला। सर्च अभियान के दौरान पुलिस के जवान। फोटो: हरिभूमि

सत्यापन करवाएं

यदि कोई भी मकान मालिक बिना पुलिस वेरिफिकेशन के किराएदार रखते हुए पाया गया तो मकान मालिक और किराएदार दोनों के विरुद्ध नियम अनुसार सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस ने आम जनता से अपील की कि सुरक्षा की दृष्टि से अपने यहां रहने वाले किराएदारों, घरेलू नौकरों एवं कमचारियों का पुलिस सत्यापन अवश्य करवाएं। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम तथा हेल्पलाइन नंबर 9729990112 पर पुलिस को दें।

विधायक निर्मल सिंह ने कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारियां

लोकतंत्र की रक्षा के लिए रामलीला मैदान में गूंजेगी जनता की आवाज

- लोकतंत्र में जनता का वोट उसकी सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

1 नवंबर को दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली कांग्रेस की विशाल रैली को सफल बनाने के लिए अंबाला में पार्टी संगठन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में अंबाला शहर से कांग्रेस विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी निर्मल सिंह मोहड़ा ने अपने निवास स्थान पर समस्त कांग्रेस इकाइयों के पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक लेकर रैली की तैयारियों की व्यापक समीक्षा की। बैठक में रैली के ऑब्जर्वर एवं मध्य प्रदेश के पूर्व विधायक रवि जोशी, पूर्व विधायक एवं अंबाला के प्रभारी निशान सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष , शहरी ब्लॉक अध्यक्ष विनोद धीमान, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष राकेश मेहला, रोहित शर्मा विशु, हरजीत बब्बल और निगम सदस्य पुनीत कवि,पूर्व जिला परिषद चैयरमेन ब्राह्मपाल राणा, मिथुन वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में रैली में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत विचार-विमर्श किया गया तथा प्रमुख नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को क्षेत्रवार और संगठनात्मक स्तर पर जिम्मेदारियां सौंपकर दिल्ली कूच की रणनीति निर्धारित की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं का उत्साह और भागीदारी इस बात का संकेत रही कि अंबाला कांग्रेस इस आयोजन को व्यापक जनसमर्थन के साथ सफल बनाने के लिए पूरी तरह सक्रिय है। चौधरी निर्मल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज देश के सामने सबसे बड़ा सवाल केवल राजनीतिक सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता, संविधान की गरिमा और प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा का है। वोट चोरी के आरोपों, मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर उठ रहे सवालों तथा चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता से संबंधित चिंताओं पर देश की जनता जवाब चाहती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता का वोट उसकी सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत है और यदि उसी अधिकार की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हों तो यह किसी एक राजनीतिक दल का विषय नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक के लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़ा गंभीर मुद्दा बन जाता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की जिम्मेदारी केवल सरकार की आलोचना करना नहीं, बल्कि जनहित के मुद्दों पर सत्ता को जवाबदेह बनाना और लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता एवं निष्पक्षता के लिए आवाज बुलंद करना भी है।



अंबाला। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते विधायक निर्मल सिंह। फोटो: हरिभूमि

भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया

उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एकजुटता, संगठनात्मक अनुशासन और जनसमर्थन ही इस रैली की सबसे बड़ी ताकत होंगे। बैठक में उपस्थित सभी प्रमुख नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को सौंपी गई जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करने तथा अपने-अपने क्षेत्रों से अधिकतम संख्या में समर्थकों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

आम आदमी परेशान

कांग्रेस इन सवालों को जनता के बीच मजबूती से उठाने और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार करते कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं, युवाओं के भविष्य पर मंडराता अनिश्चितता का संकट और आम आदमी पर बढ़ता आर्थिक दबाव ऐसे मुद्दे हैं, जिनसे जनता प्रतिदिन जूझ रही है। सरकार को प्रचार और राजनीतिक जुमलों से बाहर निकलकर जनता के वास्तविक सवालों का जवाब देना चाहिए।



नारायणगढ़। सीएम का पुतला लेकर विरोध प्रदर्शन करते किसान। फोटो: हरिभूमि

गन्ने के रेट में 15 रुपये की बढ़ोतरी करने पर बिफरे किसान

- सीएम और कृषि मंत्री का पुतला फूंककर जताया रोष
- किसानों का आरोप रेट बढ़ाकर सरकार ने किसानों के साथ किया मजाक, चीनी के रेट छू रहे आसमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

प्रदेश सरकार की ओर से गन्ने के रेट में 15 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी करने के फैसले से किसान बेहद नाराज हैं। इसी के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (चढ़नी) अंबाला और गन्ना संघर्ष समिति ने संयुक्त रूप से नारायणगढ़ में प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और कृषि मंत्री का पुतला फूंककर सरकार के खिलाफ रोष जताया। प्रदर्शन में किसान यूनियन (चढ़नी) के जिलाप्रधान मलकीत सिंह, महासचिव राजीव शर्मा, युवा जिलाप्रधान गुलाब पूनिया, गन्ना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विनोद राणा, बॉबी राणा सहित अन्य किसान मौजूद रहे। मलकीत सिंह ने कहा कि किसान एक साल मेहनत करके गन्ने की फसल तैयार करता है, लेकिन भुगतान और रेट को लेकर भी परेशानियां बनी रहती हैं। पिछले करीब 10 साल से किसान विरोध करते आ रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि यदि गन्ने की खेती में लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा है तो किसान दूसरी फसलों के विकल्प पर विचार करें।

लागत बढ़ रही

किसान यूनियन (चढ़नी) के जिलाप्रधान मलकीत सिंह ने कहा कि सरकार ने गन्ने के रेट में महज 15 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की है, जो प्रति किलो के हिसाब से केवल 15 पैसे बैठती है। दूसरी ओर चीनी के दाम में काफी बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में सरकार की यह बढ़ोतरी किसानों के साथ मजाक है। कहा कि सरकार को यह बढ़ोतरी वापस ले लेनी चाहिए, क्योंकि इससे किसानों को कोई खास फायदा नहीं होने वाला। कहा कि खेती की लागत बढ़ रही है। डीजल 100 रुपये लीटर तक पहुंच गया है, वहीं मजदूरी और लेबर के खर्चे भी लगातार बढ़ रहे हैं। लेबर के रेट में 10 से 15 रुपए तक की बढ़ोतरी हो जाती है, लेकिन गन्ने के भाव में सिर्फ 15 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाए जा रहे हैं। ऐसे में किसान अपनी लागत कैसे निकालेगा और उसे बचत क्या होगी।

वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश चोरी के चार वाहन किए जब्त

- पूछताछ में 10-12 अन्य ई-रिक्शा चोरी करने का खुलासा, एवीटी स्टाफ ने की कार्रवाई
- साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते आरोपी को धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

पुलिस ने वाहन चोरी के मामलों पर कड़ा रुख अपनाते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से चोरी के वाहन बरामद किए गए हैं। साथ ही पूछताछ में उसने कई अन्य वारदातों को अंजाम देने का भी खुलासा किया है। शिकायतकर्ता मनीष कुमार ने थाना अंबाला छावनी में अपनी एक्टिवा चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। जांच टीम ने तकनीकी संसाधनों और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को धर दबोचा। आरोपी की पहचान गौतम, के रूप में हुई है।

आरोपी ने चौकाने वाले कई खुलासे किए

1 एक्टिवा, 2 मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट के तथा 1 ई-रिक्शा बरामद की है। जांच के दौरान पूछताछ में आरोपी गौतम ने चौकाने वाला खुलासा किया है। उसने स्वीकार किया कि उसने केवल यही वाहन नहीं बल्कि इसके अलावा अंबाला शहर, बलदेव नगर और अंबाला कैंट के विभिन्न इलाकों से 10 से 12 अन्य ई-रिक्शा भी चोरी किए हैं।

1 किलो 53.6 ग्राम अफीम और 13 ग्राम हेरोइन सहित तीन गिरफ्तार

- सीआईए-1 और सीआईए-मुलाना की टीमों ने थाना पड़ाव क्षेत्र में दो अलग-अलग मामलों में की कार्रवाई
- नशा तस्करों पर बड़ा प्रहार

अंबाला। नशा तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। सीआईए-1 और सीआईए-मुलाना की टीमों ने थाना पड़ाव क्षेत्र में दो अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 किलो 53.6 ग्राम अफीम और 13 ग्राम हेरोइन बरामद की है। दोनों मामलों में थाना पड़ाव में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। सीआईए-1 प्रभारी निरीक्षक परमवीर के नेतृत्व में एएसआई दीपक, एएसआई मनदीप सिंह व पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर काली पलटन पुल के पास नाकाबंदी एवं घेराबंदी कर एक आरोपी को काबू किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 1 किलो 53.6 ग्राम अफीम बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अनिल कुमार निवासी गांव भरतपुर, नजदीक तालाब, जिला शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान नशीले पदार्थ की आपूर्ति के स्रोत, इसकी सप्लाई से जुड़े अन्य व्यक्तियों तथा तस्करी नेटवर्क के संबंध में गहन पूछताछ की जाएगी।

मानवता की सेवा ही सर्वोच्च

- मानवता की सेवा, करुणा और प्रेम का संदेश लेकर नेपाल रवाना जांच टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

मानव सेवा और जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के अपने संकल्प को आगे बढ़ाते अंबाला फिलाडेल्फिया अस्पताल की एक समर्पित टीम नेपाल रवाना हो गई। यह टीम नेपाल के बागमती प्रदेश एवं गोरखा क्षेत्र के लोगों के बीच सेवा, प्रेम, करुणा और देखभाल के लिए जा रही है। इस मानवीय सेवा यात्रा में अस्पताल की टीम का नेतृत्व डॉ. एस. सादिक (निदेशक), अमित कपूर (प्रशासक), डॉ. रजत लाजरस एवं शम्मी कर रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य केवल चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना ही नहीं बल्कि जरूरतमंद लोगों के बीच पहुँचकर उनके दर्द, कठिनाइयों और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को समझना तथा उन्हें यह एहसास कराना है कि वे अकेले नहीं हैं। टीम के साथ जुड़कर मानवीय सहयोग व भावनात्मक संबल प्रदान करने का प्रयास करेगी।



अंबाला। नेपाल रवाना होती जांच टीम।

पीड़ित के दर्द को समझना चिकित्सा

1883 में स्थापित फिलाडेल्फिया अस्पताल का मानव सेवा और करुणा का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। अस्पताल का विश्वास है कि चिकित्सा केवल बीमारी का उपचार करना नहीं है, बल्कि पीड़ित व्यक्ति के दर्द को समझना, उसके जीवन में आशा जगाना और कठिन समय में उसके साथ खड़े रहना भी है। यह यात्रा अस्पताल के उस मूलमंत्र को साकार करती है, जिसमें सेवा, प्रेम, विश्वास और करुणा के माध्यम से मानवता की सेवा को सर्वोच्च स्थान दिया गया है।

उपभोक्ताओं की शिकायतों का होगा निवारण

अंबाला। बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अबाला शहर के कार्यकारी अभियता यूएचबीवीएन कार्यालय में 2 नवंबर 2026 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। डिविजनल उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम यूएचबीवीएन अबाला शहर की अध्यक्षकता कार्यकारी अभियता करेंगे। डिविजनल उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम में बिजली संबंधित वे समस्याएं सुनी जाएंगी। जिनका उप मंडल अधिकारी कार्यालय से भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है। ऐसे उपभोक्ता जिनका वित्तीय विवाद 50,000/- रूपए तक हो केवल वही उपभोक्ता अपनी समस्याओं को इस फोरम के समक्ष रख सकते हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

गुमराह करने वाला आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। पुलिस ने जाली एयरफोर्स पहचान पत्र के माध्यम से अभ्यर्थियों को मेडिकल पास करवाने का झांसा देकर गुमराह करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विष्णु कुमार निवासी बल्लभगढ़ जिला फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक कार और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपी को रिमांड पर लिया गया है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक निसार खान ने बताया कि आरोपी विष्णु कुमार पर जाली एयरफोर्स पहचान पत्र दिखाकर मेडिकल में अनफिट हुए अभ्यर्थियों को मेडिकल पास करवाने के नाम पर गुमराह करने का आरोप है। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना अंबाला छावनी पुलिस ने खुफिया सूचना तंत्र के आधार पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी विष्णु कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

कार्यक्रम | सांस्कृतिक स्पर्धाओं में भी प्रतिभा का लोहा मनवाया

जोनल यूथ फेस्टिवल में छाए डीएवी कॉलेज के छात्र, मिमिक्री स्पर्धा में मिला रिकमेंडेड स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

शहर के डीएवी कॉलेज (लाहौर), के विद्यार्थियों ने जीएमएन कॉलेज में आयोजित जोनल यूथ फेस्टिवल-2026 में शानदार प्रदर्शन करते कालेज का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, कलात्मक प्रतिभा, सांस्कृतिक अभिव्यक्ति और उत्कृष्ट मंचीय प्रदर्शन से निर्णायकों एवं दर्शकों को प्रभावित किया। मिमिक्री स्पर्धा में डीएवी महाविद्यालय ने रिकमेंडेड स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त क्ले मॉडलिंग में कमेंडेड, वन एक्ट प्ले, संस्कृत ड्रामा, ग्रुप डांस (जनरल-लावणी), ग्रुप सांग (जनरल), फोक सांग (जनरल), क्लासिकल डांस सोलो और क्लासिकल वोकल सोलो जैसी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने सैकेंड कमेंडेड स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) आरएस परमार, डीन कल्चरल अफेयर्स शिवानी डावर तथा को-डीन डॉ. गरिमा सुमरान ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी।



अंबाला। यूथ फेस्टिवल में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र शिक्षकों के साथ।

बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया

प्राचार्य प्रो. परमार ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन, और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास और रचनात्मक क्षमता को नई दिशा प्रदान करती हैं। डीन शिवानी डावर और को-डीन डॉ. गरिमा सुमरान ने भी विद्यार्थियों एवं कार्यक्रम की तैयारी में योगदान देने वाले सभी प्राध्यापकों और टीम प्रभारियों प्रोफेसर शांत कौशिक, प्रोफेसर राजीव कुमार, डॉ. प्रियंका चौधरी, डॉ. सुखदेव सिंह, डॉ. दर्शन लाल और हिमांशु शर्मा की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी उत्साह, लगन और टीम भावना के साथ आगे बढ़ने तथा आगामी प्रतियोगिताओं में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।